AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

तीन दिन सुबह आठ बजे पहुंचना होगा कैंपस

लविवि ने नैक टीम के भ्रमण के मद्देनजर जारी किया आदेश

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 21 से 23 जुलाई तक राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) टीम का भ्रमण होना है। टीम सुबह नौ बजे कैंपस पहुंच जाएगी। इसके मद्देनजर विवि प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों व कार्यालयाध्यक्षों को पत्र भेजकर कहा है कि सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को सुबह आठ बजे से कार्यालय में मौजूद रहना होगा। सामान्य दिनों में कार्यालय सुबह 10 बजे शुरू होते हैं।

रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि 21 से 23 जुलाई तक नैक टीम सुबह नौ बजे से विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक विभागों व प्रशासनिक कार्यालयों का निरीक्षण करेगी। ऐसे में सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को तीन दिन सुबह आठ बजे से नैक भ्रमण पूरा होने तक कैंपस में उपस्थित रहना होगा। छात्र आईकार्ड या फीस रसीद के साथ कैंपस में प्रवेश कर पाएंगे, जबकि बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

कैंटीन गुलजार, रंगीन फव्वारे बढ़ा रहे आकर्षण

लविवि में लंबे समय से बंद चल रहीं न्यू व ओल्ड कैंपस की लगभग आधा दर्जन कैंटीन एक बार फिर शुरू हो गई हैं। विवि प्रशासन ने नैक टीम के भ्रमण के मद्देनजर इन्हें शुरू कराया है। इसके साथ ही कैंपस में रंगीन फव्वारे लगाए गए हैं, जो आकर्षण बढ़ा रहे हैं। छात्र सुविधाओं में विस्तार करते हुए विवि प्रशासन ने ओल्ड कैंपस में छात्रसंघ भवन के पास स्थित, डीएसडब्ल्यू कार्यालय के सामने, ओएनजीसी के सामने व गेट नंबर चार के सामने स्थित कैंटीन फिर से शुरू कराई है। वहीं, न्यू कैंपस में भी दो कैंटीन चालू हो गई हैं। उधर, कॉमर्स विभाग के पास स्थित जिम्नेजियम हाल में अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। डिस्पेंसरी में भी सुविधाओं की वृद्धि हुई है।

इधर, भारी फोर्स के साथ कैंपस में चेकिंग पर निकले प्रॉक्टर

लखनऊ। लविवि में नैक टीम के भ्रमण के मद्देनजर मंगलवार को प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने भारी पुलिस बल के साथ परिसर में आई कार्ड चेकिंग अभियान चलाया। उनके अचानक भारी फोर्स के साथ सेंट्रल लाइब्रेरी में सभी कमरों व साइबर लाइब्रेरी में चेकिंग करने से छात्र दहशत में आ गए। छात्र संगठनों ने इस पर आपत्ति जताते हुए विरोध की चेतावनी दी है।

प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने पूर्वान्ह लगभग 11 बजे लाइब्रेरी में प्रॉक्टर के नेतृत्व में पुलिस बल अंदर प्रवेश किया तो छात्र सशंकित हो गए। टीम ने एक-एक कमरे में जाकर आई कार्ड चेक किए। इससे कई छात्र डरकर बाहर आ गए। उन्हें लगा कि कोई घटना तो नहीं हो गई। उधर, प्रॉक्टोरियल बोर्ड का कहना है कि उन्हें दो गुटों के छात्रों के आमने-सामने होने की सूचना मिली थी। इससे वह पुलिस के साथ चेकिंग करने पहुंचे थे।

वहीं, एनएसयूआई व बीएपीएसए छात्र संगठन ने इस तरह चेकिंग पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यही हाल रहा तो वे इसका विरोध करेंगे। प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने कहा कि सामान्य छात्रों को परिसर में कोई दिक्कत नहीं होगी और बाहरी का प्रवेश सख्ती से रोका जाएगा।

प्रतिभागियों को दिया सर्टिफिकेट

लखनऊ। लविवि की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 27 मई से 21 जून तक हुए कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वालों को मंगलवार को सर्टिफिकेट दिया गया। इस मौके पर समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि गर्मी में अपने आप को तरोताजा रखने के लिए शीतली, शीतकारी, भ्रामरी, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम तथा त्रिकोणासन, नौकासन, सुखासन लाभदायक हैं। प्रो. नवीन खरे ने बताया कि फैकल्टी में योग की शिक्षा के साथ यौगिक उपचार भी सिखाया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. उमेश शुक्ल, डॉ. सत्येंद्र मिश्र आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

प्रतियोगिता के प्रतिभागी सम्मानित

लखनऊ। लविवि की मेधावी छात्र परिषद ने काव्य लेखन, निबंध लेखन व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की थी। इसके लिए 10 से 12 जुलाई तक आवेदन मांगे गए थे। मूल्यांकन 15 से 17 जुलाई के बीच हुआ। मंगलवार को प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि प्रतियोगिता में 80 छात्रों ने भाग लिया था। इसमें से 12 छात्र-छात्राएं विजयी घोषित किए गए। अन्य को सांत्वना पुरस्कार मिला। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि में छात्र केंद्रित 11 योजनाओं का लोगो लॉन्च

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 11 छात्र केंद्रित योजनाओं का लोगो लॉन्च किया। ये योजनाएं अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय की ओर से चलाई जा रही हैं। कुलपति ने इनका अनावरण करते हुए इन कल्याणकारी योजनाओं की ब्रांडिंग करने पर बल दिया। वीसी ने कर्मयोगी, कर्मोदय, छात्र कल्याण छात्रवृत्ति, शोध मेधा छात्रवृत्ति, ट्री, ओपीडी, संरक्षण, अर्पण, एडॉप्ट ए ब्रेन, मेधावी छात्र परिषद, वीसी केयर फंड का लोगो लॉन्च किया। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 4

21, 22 व 23 जुलाई तक लखनऊ यूनिवर्सिटी में रहेगी नैक टीम

नैक टीम के स्वागत को एलयू पूरी गर्मजोशी से हो गया तैयार

मंगलवार को भी तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे रहे एलयू के कई विभाग

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (19 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी में मंगलवार शाम तक कई विभाग नैक मूल्यांकन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे रहे. नैक मूल्यांकन में खुद को बेहतर साबित करने के लिए एलयू के सभी विभागों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है. विभाग अपने स्टूडेंट्स की उपलब्धियां हों या रिसर्च में बेहतर कार्य, सभी चीजें अच्छी तरह से विभाग की दीवारों पर डिस्प्ले कर रहे हैं, ताकि नैक टीम की नजर इन चीजों पर भी रहे.

तीन दिनों के लिए आएगी टीम

एलयू में नैक टीम 21, 22 व 23 जुलाई को रहेगी. इसको लेकर यूनिवर्सिटी काफी समय से तैयारियां कर रहा है. मंगलवार को व्यापार प्रशासन विभाग ने अपने यहां रंगाई-पुताई पूरी करवाने के साथ-साथ पूर्व छात्रों के लिए वाल आफ फेम का डिस्प्ले किया. उपलब्धियों में छात्रों का जाब प्लेसमेंट, पेटेंट सहित काफी चीजें प्रदर्शित की हैं. डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय में भी मेरे छात्र मेरी पहचान नाम से लोगो के साथ समाज में अच्छे पद पर तैनात पूर्व छात्रों का विवरण लगाया गया है. डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि योजनाओं के लोगो के साथ सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है. वहीं डिपार्टमेंट ने अपने पूर्व छात्रों में शामिल पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा से लेकर तमाम पूर्व छात्रों की फोटो लगाई है.

वीसी ने किया निरीक्षण

वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने पर्शियन, प्राच्य पर्शियन और पाश्चात्य इतिहास विभाग का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने विभाग की ओर से प्रदर्शित की गई जानकारियां देखीं. अन्य तैयारियों का भी जायजा लिया.

विभागों में लगाई गई बायोमेट्रिक मशीनें

नैक मूल्यांकन के लिए लगभग सभी हास्टल में सुविधाएं दुरुस्त कर दी गई हैं. आरोग्य भवन (डिस्पेंसरी) को भी बेहतर बना दिया गया है. ओएनजीसी सेंटर, जुलाजी से लेकर ज्यादातर विभागों में शिक्षकों की उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक मशीनें भी लगा दी गई हैं. हालांकि, अभी इसमें डेटा फीड होना बाकी है.

PICS: DAINIK JAGRAN-I NEXT

बदली-बदली नजर आ रही है कैंपस की रंगत.

"नैक मूल्यांकन को लेकर हमारी तैयारी पूरी हो चुकी है. नैक टीम ही शेड्यूल फाइनल करेगी कि पहले कहां जाना है.

प्रो. आलोक कुमार राय, वीसी, लखनऊ यूनिवर्सिटी

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने पीजी कोर्सेज में आवेदन की डेट बढ़ाई

स्टूडेंट्स अब 30 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (19 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने ग्रेजुएशन की तरह ही पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज में भी आवेदन की डेट मंगलवार को बढ़ा दी है. छात्र अब 30 जुलाई तक आवेदन तक कर सकते हैं. इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई निर्धारित थी. वीसी प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि पीजी एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के आनलाइन फार्म भरने की अंतिम डेट 30 जुलाई की गई है.

इन बातों का रखें ध्यान

- फार्म भरने के सभी निर्देश जरूर पढ़ें
- स्टूडेंट्स की फोटो की स्कैन कॉपी 50 केबी की हो
- साइन की स्कैन कॉपी 50 केबी की हो
- आरक्षण के लाभ के लिए प्रमाण पत्र जरूरी है
- प्रवेश फार्म की फीस आनलाइन जमा होगी

एलयू में अब 23 जुलाई तक जमा करें सेमेस्टर फीस

स्टूडेंट्स को बिना लेट फीस के अपनी फीस जमा करने की सुविधा दी गई है

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (19 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सत्र 2021-22 के एलएलबी, इंजीनियरिंग, आइएमएस व बीएड चौथे सेमेस्टर को छोड़कर चौथे, छठे, आठवें व 10वें सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को फीस जमा करने का अंतिम मौका दिया है. जो स्टूडेंट्स अभी तक अपनी फीस जमा नहीं कर सके हैं, वे इस मौके का फायदा उठा सकते हैं. ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन व संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं 23 जुलाई तक अपनी क्लासेस के अनुसार अनुमति लेकर यूडीआरसी पोर्टल पर लागइन कर फीस जमा कर सकते हैं. वहीं, सेकेंड सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को भी बिना लेट फीस के फीस जमा करने की सुविधा दी गई है, जो स्टूडेंट्स के लिए एक राहत भरी बात है.

JAGRAN CITY PAGE II

अब 30 तक परास्नातक कोर्स में आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्रहित में बढ़ाई तिथि डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में भी मौका

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक बार फिर परास्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की तिथि 20 जुलाई तक बढ़ा दी है। 20 जुलाई तक आवेदन का मौका दिया गया था, लेकिन अभी तक स्नातक अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं नहीं हो सकी हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रहित में आवेदन की तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया है। लवि में परास्नातक पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन की शुरुआत 11 अप्रैल से हुई थी। उसके बाद पीजी डिप्लोमा व अन्य प्रमाणपत्र के कोर्सों में भी यह प्रक्रिया शुरू की। पहले दो बार तिथि बढ़ाकर 30 जून की गई। फिर 20 जुलाई तक मौका दिया गया, लेकिन अभी तक स्नातक छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू नहीं हो सकी हैं। परीक्षाएं 29 जुलाई से शुरू होनी हैं। ऐसे में प्रशासन ने परास्नातक में आवेदन की तिथि बढ़ाई है।

समस्या हो तो यहां करें संपर्क : पीजी पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। यदि किसी आरक्षण का लाभ लेना है तो उसके प्रमाणपत्र की स्कैन कापी 50 केबी में ही होनी चाहिए। अभ्यर्थियों को यह सलाह दी गई है कि प्रवेश फार्म की फीस अनलाइन जमा करने के बाद 72 घंटे के पहले दोबारा फीस न जमा करें। किसी भी प्रकार की असुविधा पर हेल्पलाइन नंबर 0522-4150500 पर सुबह 10 से शाम छह बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

डिग्री क्लासेज में पीजी के आवेदन का मौका : श्री जय नारायण मिश्र पीजी कालेज में परास्नातक में आवेदन के लिए अभी कोई अंतिम तिथि तय नहीं है। सिर्फ स्नातक में आवेदन के लिए 30 जुलाई तक समय निर्धारित किया गया है। इसी तरह बच्चा श्री नारायण मिश्र पीजी कालेज, कालीचरण पीजी कालेज, डीएवी डिग्री कालेज में स्नातक के साथ परास्नातक में भी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

केमिस्ट्री के 24 विद्यार्थियों का चयन : लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के एमएससी के 24 विद्यार्थियों का एक कंपनी ने चयन किया है। विभाग के हेड प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि 17 जुलाई को हुए साक्षात्कार की प्रक्रिया में 48 छात्र शामिल हुए थे। इनमें 24 छात्रों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि 24 में से आठ छात्रों को अनुसंधान वैज्ञानी व 16 को प्रशिक्षु अनुसंधान सहायक चुना गया है।

तैयारी पूरी, भ्रमण के लिए कल आएगी नैक टीम

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार शाम तक कई विभाग नैक मूल्यांकन की तैयारियों को अंतिम रूप देते नजर आए। खुद को बेहतर साबित करने के लिए विभागों ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। अपने छात्रों की उपलब्धियां हों या शोध में बेहतर कार्य, ये सभी चीजें अच्छी तरह से विभाग की दीवारों पर डिस्प्ले कर दी गई हैं ताकि नैक टीम की नजर इन चीजों पर भी रहे।

लवि में नैक टीम 21, 22 व 23 जुलाई को रहेगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय काफी समय से तैयारियां कर रहा है। मंगलवार को व्यापार प्रशासन विभाग ने अपने यहां रंगाई-पुताई पूरी करवाने के साथ-साथ पूर्व छात्रों के लिए वाल आफ फेम का डिस्प्ले किया। उपलब्धियों में छात्रों का जाब प्लेसमेंट, पेटेंट सहित कापफी चीजें भी प्रदर्शित की हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में भी मेरे छात्र मेरी पहचान नाम से लोगों के साथ समाज में अच्छे पद पर तैनात पूर्व छात्रों का विवरण लगाया गया है। डीएसडब्ल्यू प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि लगभग सभी हास्टल में सुविधाएं दुरुस्त कर दी गई हैं. आरोग्य भवन (डिस्पेंसरी) को भी बेहतर बना दिया गया है. ओएनजीसी सेंटर, जुलाजी से लेकर ज्यादातर विभागों में शिक्षकों की उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक मशीनें भी लगा दी गई हैं. हालांकि, अभी इसमें डेटा फीड होना बाकी है.

व्यापार प्रशासन विभाग में मंगलवार को लगाई गई वाल आफ फेम • सौजन्य से विभाग

कुलपति ने किया निरीक्षण

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पर्शियन, प्राच्य पर्शियन और पाश्चात्य इतिहास विभाग का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विभाग की ओर से प्रदर्शित की गई जानकारियां देखीं। अन्य तैयारियों का भी जायजा लिया।

विभागों में लगीं बायोमीट्रिक मशीनें

नैक मूल्यांकन के लिए लगभग सभी हास्टल में सुविधाएं दुरुस्त कर दी गई हैं। आरोग्य भवन (डिस्पेंसरी) को भी बेहतर बना दिया गया है। ओएनजीसी सेंटर, जुलाजी से लेकर ज्यादातर विभागों में शिक्षकों की उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक मशीनें भी लगा दी गई हैं। हालांकि अभी इसमें डेटा फीड होना बाकी है।

"नैक मूल्यांकन को लेकर हमारी तैयारी पूरी हो चुकी है. नैक टीम ही शेड्यूल फाइनल करेगी कि पहले कहां जाना है.

- प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय

लवि में 11 छात्र योजनाओं के लोगो का अनावरण

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 11 छात्र केंद्रित योजनाओं का लोगो मंथन हाल में आयोजित एक कार्यक्रम में लांच किया। यह सभी योजनाएं अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय की ओर से चलाई जा रही हैं।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि लगभग दो साल पहले इन योजनाओं की आधारशिला कुलपति ने रखी थी। वर्तमान में 11 अलग-अलग छात्र केंद्रित योजनाएं चल रही हैं, जिनमें कर्मयोगी, कर्मोदय, छात्र कल्याण छात्रवृत्ति, शोध मेधा छत्रवृत्ति, ट्री, ओपीडी, संरक्षण, अर्पण- एडाप्ट ए ब्रेन, मेधावी छात्र परिषद, वीसी केयर फंड शामिल हैं।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए इन छात्र केंद्रित योजनाओं को विकसित और निष्पादित करने के लिए मिशन मोड में काम किया है। उन्होंने ललित कला संकाय के डा. रविकांत पांडेय को 'लोगो' की डिजाइन देने के लिए बधाई दी।

राज्यपाल ने विकास रिपोर्ट 2022 का किया लोकार्पण

जासंवाद संवाददाता, लखनऊ : राज्यपाल श्री आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को राजभवन में लखनऊ विश्वविद्यालय के विकास विज्ञान संस्थान एवं अर्थशास्त्र विभाग की ओर से तैयार 'उत्तर प्रदेश सतत विकास रिपोर्ट-2022' का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने रिपोर्ट तैयार करने में मुख्य भूमिका निभाने वाले लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय तथा अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष व विकास विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल को बधाई दी।

उन्होंने इस श्रृंखला को जारी रखने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कुलपति से कहा कि वह ग्राम्य एवं विकास खंड स्तर पर इस तरह के मूल्यांकन को ले जाएं ताकि प्रदेश सरकार द्वारा स्पष्ट कार्य योजना निर्धारित की जा सके, जो एक रोल माडल बने। इससे प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो सकेगा। कार्यक्रम में बताया गया कि यह सतत विकास रिपोर्ट-2022 नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के सहयोग से तैयार की गई है। इस रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र की ओर से प्रतिपादित 17 सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप प्रदेश के विकास का मूल्यांकन करना था, जिसकी निगरानी नीति आयोग, भारत सरकार कर रहा है। यह एक वृहद एवं शोधपरक रिपोर्ट है, जिसमें प्रदेश सरकार के लिए नीतिगत सुझाव भी दिए गए हैं।

PIONEER PAGE 4

कुलपति ने लांच किया छात्र केंद्रित योजनाओं का लोगो

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मंगलवार को विवि के मंथन हाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 11 छात्र केंद्रित योजनाओं का लोगो लांच किया। इस दौरान उन्होंने इन कल्याणकारी योजनाओं की ब्रांडिंग करने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि अधिक से अधिक लोग विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अवगत हो सकें। अधिष्ठाता छात्रकल्याण पूनम टंडन ने बताया कि लगभग दो साल पहले इन योजनाओं की आधारशिला माननीय कुलपति ने रखी थी और आज हम न केवल छात्रों के सर्वोत्तम हित में इन्हें क्रियान्वित कर रहे हैं बल्कि इन्हें परिसर की छात्र केंद्रित कार्यक्रमों की ब्रांड छवि के रूप में विकसित करने में भी सक्षम हैं। उन्होंने ललित कला संकाय के डॉ रविकांत पांडेय को लोगो को इतनी अभिव्यंजक डिजाइन देने के लिए बधाई दी। उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान में हम 11 अलग-अलग छात्र केंद्रित योजनाओं की पेशकश कर रहे हैं।

एलयू पीजी आवेदन की तिथि 30 जुलाई तक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक स्तर के कोर्सों में प्रवेश के लिए विवि प्रशासन ने मंगलवार को आवेदन की तिथि विस्तारित कर दी है। अब 30 जुलाई तक छात्र आवेदन कर सकेंगे। अभी तक ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई थी। विस्तृत जानकारी के लिए छात्र विवि की वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं। एक अन्य खबर के अनुसार रसायन विज्ञान विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के एमएससी के चौबीस छात्रों का जुब्लियंट बायोसिस द्वारा चयन किया गया है। छात्रों का साक्षात्कार 17 जुलाई 2022 को हुआ था जिसमें विभाग के 48 छात्र परीक्षा और साक्षात्कार में शामिल हुए थे। चौबीस छात्रों में से आठ को अनुसंधान वैज्ञानिक के रूप में जबकि सोलह को प्रशिक्षु अनुसंधान सहायक के रूप में चुना गया है। नव चयनित छात्रों के लिए कार्य स्थान नोएडा और गुरुग्राम होगा। हाल ही में रसायन विज्ञान विभाग के सत्रह छात्रों को टीसीजी लाइफ साइंसेज, कोलकाता में रखा गया था।

THE PIONEER PAGE 3

LU VC unveils logos of 11 student-centric schemes

Lucknow (PNS): Lucknow University Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai unveiled the logos of 11 different student-centric schemes being offered by the office of DSW and stressed on the need of branding these welfare schemes so more and more people could be aware.

DSW Prof Poonam Tandon said the schemes were envisioned by the VC about two years ago. She congratulated Dr Ravi Kant Pandey from the Faculty of Fine Arts for designing the logos.

She further said that currently they are offering 11 different-student centric schemes which included Karmayogi, Karmodaya, Chhatra Kalyan Chhatravritti, Shodh Medha Chhatravritti, TREE, OPD, SAMVARDHAN, Arpan – Adopt a Brain, Meritorious Students Council, VC Care Fund, and Coffee with VC.

"We have worked in mission mode to develop and execute these student-centric schemes for LU students," she said. She added that due to limited financial resources available, currently they are able to offer the scheme benefits to only few students against the number of applications received in every scheme.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि ने बढ़ाई परास्नातक प्रवेश तिथि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक की तरह से परास्नातक में भी आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। आवेदन से छूटे हुए छात्र अब 30 जुलाई तक आवेदन तक कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई थी। प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि परास्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के आनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 30 जुलाई की गई है।

एमएससी के 24 छात्र चयनित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग में एमएससी के चौबीस छात्रों का जुब्लियंट बायोसिस द्वारा चयन किया गया है। छात्रों का साक्षात्कार 17 जुलाई को हुआ था जिसमें विभाग के 48 छात्र परीक्षा और साक्षात्कार में शामिल हुए थे। चौबीस छात्रों में से आठ को अनुसंधान वैज्ञानिक के रूप में जबकि सोलह को प्रशिक्षु अनुसंधान सहायक के रूप में चुना गया है। नव चयनित छात्रों के लिए कार्य स्थान नोएडा और गुरुग्राम होगा। हाल ही में, रसायन विज्ञान विभाग के सत्रह छात्रों को टीसीजी लाइफ साइंसेज, कोलकाता में रखा गया था।

HINDUSTAN PAGE 6

24 छात्रों का चयन, आठ वैज्ञानिक बने

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग, एमएससी के चौबीस छात्रों का चयन जुब्लियंट बायोसिस ने किया है। छात्रों का साक्षात्कार 17 जुलाई को हुआ था। जिसमें विभाग के 48 छात्र परीक्षा और साक्षात्कार में शामिल हुए थे। चौबीस छात्रों में से आठ को अनुसंधान वैज्ञानिक के रूप में जबकि सोलह को प्रशिक्षु अनुसंधान सहायक के रूप में चुना गया है। नव चयनित छात्रों के लिए कार्य स्थान नोएडा और गुरुग्राम होगा।

AMRIT VICHAR PAGE 5

लविवि में बढ़ी परास्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन तिथि

राहत

- छात्र अब 30 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन
- स्नातक के लिए भी 30 तक होंगे आवेदन

अमृत विचार संवाददाता

छात्रों को इन बातों का रखना होगा ध्यान

- फार्म भरने के सभी निर्देश जरूरी।
- अभ्यर्थियों की फोटो की स्कैन कापी 50 केबी की हो।
- साइन की हुई स्कैन कापी 50 केबी की हो।
- आरक्षण के लाभ के लिए प्रमाण पत्र जरूरी है।
- प्रवेश फार्म की फीस ऑनलाइन जमा होगी।



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक की तरह ही परास्नातक में भी आवेदन की तिथि मंगलवार को बढ़ा दी है। आवेदन से छूटे हुए विद्यार्थी अब 30 जुलाई तक आवेदन तक कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई निर्धारित थी। प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि परास्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के आनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 30 जुलाई की गई है।

मेधावी छात्र परिषद ने किया प्रतियोगिताओं का आयोजन : लखनऊ विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र परिषद की ओर से काव्य लेखन, निबंध लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसके लिए आवेदन दिनांक 10 से 12 जुलाई को आमंत्रित किए गए थे। इसका मूल्यांकन 15 से 17 जुलाई के बीच सम्पन्न हुआ एवं 19 जुलाई को प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कुल 80 छात्रों ने भाग लिया , जिसमें से 12 छात्र-छात्राएं विजयी घोषित किए गए एवं अन्य को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

एमएससी के 24 छात्र चयनित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान विभाग में एमएससी के 24 छात्रों का जुब्लियंट बायोसिस द्वारा चयन किया गया है। छात्रों का साक्षात्कार 17 जुलाई को हुआ था जिसमें विभाग के 48 छात्र परीक्षा और साक्षात्कार में शामिल हुए थे। 24 छात्रों में से आठ को अनुसंधान वैज्ञानिक के रूप में जबकि 16 को प्रशिक्षु अनुसंधान सहायक के रूप में चुना गया है। नव चयनित छात्रों के लिए कार्य स्थान नोएडा और गुरुग्राम होगा। हाल ही में, रसायन विज्ञान विभाग के 17 छात्रों को टीसीजी लाइफ साइंसेज, कोलकाता में रखा गया था। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने नव चयनित छात्रों को बधाई दी है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

सभी सुझावों को लागू कर एसएसआर दाखिल करें : आनंदीबेन पटेल

स्वतंत्र भारत,संवाददाता,लखनऊ। प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाध्यिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तीकरण के बिन्दु पर व्यापक सुधार कराने के लिए एक तहसील को गोद लें। नैक मूल्यांकन के प्रस्तुतिकरण पर सुधार के लिए दिए गए सभी सुझावों को लागू कराने के बाद ही एसएसआर दाखिल की जाए। राज्यपाल ने कहा कि सशक्त तैयारी के साथ नैक मूल्यांकन करायें। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मंगलवार को यहां राजभवन स्थित प्रेक्षागृह में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के नैक मूल्यांकन प्रस्तुतिकरण की समीक्षा कर रहे थीं। विश्वविद्यालय इसमें पूर्व वर्ष 2005 और वर्ष 2016 में नैक मूल्यांकन में 'बी ग्रेड प्राप्त कर चुका है। अब तीसरी बार विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व के अनुभवों का लाभ उठाकर कमियां दूर करते हुए राज्यपाल के समक्ष 'ए प्लस ग्रेड प्राप्त करने की तैयारी के साथ प्रस्तुतिकरण दिया गया। राज्यपाल नैक मूल्यांकन की तैयारी के लिए गठित विश्वविद्यालय की कमेटी के सदस्यों से सभी सातों क्राइटेरिया पर तैयारी की जानकारी ली और विविध अपेक्षित सुधारों के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रस्तुतिकरण को और सशक्त करके 'ए प्लस प्लस श्रेणी तक पहुंचाने के लिए उत्साहवर्द्धन भी किया। उन्होंने कहा कि नैक मूल्यांकन में प्रस्तुतिकरण और पियर टीम के भ्रमण के समय अवलोकन में लाने वाले तथ्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए जो विकास रिपोर्ट में प्रस्तुत की जा रही है, वह पियर टीम को दृष्टव्य भी होना चाहिए। नैक सिर्फ मूल्यांकन ही नहीं है, यह उस शैक्षणिक संस्थान में उपलब्ध व्यवस्थाओं और शैक्षणिक सुविधाओं में बेहतरी को प्रदर्शित करता है। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर की व्यवस्थाओं और शिक्षण में उत्थान के साथ-साथ ग्राम विकास कार्यों से भी सक्रियता से जुड़ना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए प्राथमिक विद्यालय में शिक्षण तथा सुविधाओं की उपलब्धता के लिए निरंतर मॉनीटरिंग करने, गांवों में पुस्तकालय खोलने, आंगनबाड़ी केन्द्रों को दी गई सामग्री के समुचित उपयोग की जानकारी रखने, गोद लिए गांवों में सरकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ उपलब्ध कराने में सहायता करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि गोद लिए विद्यालय के बच्चों को विश्वविद्यालय में भी विविध गतिविधियों से जोड़े, जिससे बच्चों में शुरू से ही उच्च शिक्षा तक पहुंचने की मानसिकता विकसित हो। राज्यपाल ने चर्चा के दौरान विश्वविद्यालय को कम्यूनिटी रेडियो सुविधा प्रारम्भ करने का सुझाव दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में रक्तदान शिविर के साथ-साथ प्लेटलेट दान पंजीकरण शिविर भी लगवाने को कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय की कुलपति को गोद लिए पांच गांवों में नौ से पन्द्रह वर्ष तक की बालिकाओं को निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन लगवाने के लिए भी प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय उन गांवों में मेनोपॉज की उम्र वाली महिलाओं में निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर की जांच की व्यवस्था भी करें। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत श्रमिक वर्ग के कर्मचारियों के हितों को व्यक्तिगत स्तर तक देखे जाने के लिए भी कमेटी गठित कराने को कहा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल महेश